EDII

Jagran

July 12, 2022

चंद्रशेखर विवि का ईडीआइआइ से समझौता

जागरण संवाददाता, बलिया : जिले में स्थापित जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय लगातार ऊंची उड़ान भरने लगा है। डा. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, समस्तीपुर, पूसा, बिहार और भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ से एमओयू (मेमोरंडम आफ अंडरस्टैंडिंग) पर हस्ताक्षर के बाद गुजरात अहमदाबाद के इंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट आफ इंडिया, भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, (ईडीआइआइ) के बीच भी समझौता हो गया।

अहमदाबाद में सोमवार को एमओयू पर संयुक्त हस्ताक्षर हो गया। जेएनसीयू कुलपति प्रो. कल्पलता पांडेय और ईडीआइआइ अहमदाबाद के निदेशक प्रो. सुनील शुक्ला की उपस्थिति में नई शिक्षा नीति से विकास पर करार हुआ। कुलपति प्रो. पांडेय ने कहा कि विश्वविद्यालय में नवीन जानकारी छात्रों को उपलब्ध करायी जाएगी। ईडीआइआइ उद्यमिता विकास और स्टार्ट अप निर्माण के विशिष्ट श्रेणी में देश का अग्रणी संस्थान है। इसका सीधा लाभ जिले के विद्यार्थियों को मिलेगा। छात्रों को अपने नवाचार को बढ़ाने के लिए सही मार्गदर्शन हेतु संबंधित विषय के विशेषज्ञ द्वारा परामर्शदाता की भी व्यवस्था करायी जाएगी तथा नवाचार की श्रेणी को किस संस्था से आर्थिक मदद मिल सकती है, इसकी भी जानकारी दी जाएगी। विश्वविद्यालय की निदेशक शैक्षणिक एसोसिएट प्रोफेसर डा. पुष्पा मिश्रा, उद्यान विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डा. लालविजय सिंह व असिस्टेंट प्रोफेसर डा. अमित कुमार सिंह सहित अहमदाबाद में तीन सदस्यीय टीम के सदस्य मौजूद रहे।

चंद्रशेखर विवि व ईडीआइआइ के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर के बाद अभिवादन करतीं कुलपति प्रो. कल्पलता पांडेय और निदेशक प्रो. सुनील शुक्ला, साथ में अन्य ● जागरण

- **ईडीआइआइ उद्यमिता विकास व स्टार्ट अप निर्माण का अग्रणी संस्थान**
- **निदेशक की उपस्थिति में नई शिक्षा नीति से हुआ एमओयू पर हस्ताक्षर**

भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान से मिलेगी तरक्की की राह : भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के साथ एमओयू का उद्देश्य विवि में पढ़ने वाले छात्रों को फार्मेसी, हैल्थकेयर, पैरा मेडिकल, आयुर्वेद के क्षेत्र में मौजूद रोजगार के संभावनाओं प्रति जागरूक व उद्यमिता हेतु प्रेरित करना है। ईडीआइआइ, विवि के छात्रों को हेल्थकेयर, नर्सिंग, फार्मेसी और आयुर्वेद के क्षेत्र में उद्यमिता हेतु सहयोग करेगा।